तेरी सांवली सूरत बाबा,
दीवाना बनाती है,
किसी और को कैसे देखूं,
नजरों में सूरत तेरी है,
तेरी सांवरी सूरत बाबा,
दीवाना बनाती है।।

तेरे कजरारे दो नैना,
नजरों के बाण चलाते,
तेरी नजरों का ये जादू,
हमें लूट लेता पल में,
सुध बुध सब बिसराई,
सुध बुध सब बिसराई,
नजरें मिला के तुमसे,
तेरी सांवरी सूरत बाबा,
दीवाना बनाती है।।

तेरी सूरत भोली भाली,
मेरा जिगर चुरा लेती है,
जब ना देखूं तुमको,
बेचैनी सी होती है,
तेरी दया से बाबा,
तेरी दया से बाबा,
बनते हैं काम मेरे,
तेरी सांवरी सूरत बाबा,

दीवाना बनाती है।।

मेरे श्याम धणी सांवरिया,
तेरी लीला सबसे निराली,
कब किसको क्या तू दे दे,
यह तुमने ही जानी,
राही का विश्वास सांवरे,
राही का विश्वास सांवरे,
तुझ पे सबसे ज्यादा,
तेरी सांवरी सूरत बाबा,
दीवाना बनाती है।।

तेरी सांवली सूरत बाबा,
दीवाना बनाती है,
किसी और को कैसे देखूं,
नजरों में सूरत तेरी है,
तेरी सांवरी सूरत बाबा,
दीवाना बनाती है।।

Singer & Writer Arun Chauhan Raahi

Source:
https://www.bharattemples.com/teri-sanwali-surat-baba-diwana-banati-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw